ऐरा/20019/सीजीएफ-जी/2010-11/वॉल्यूम- IX

भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण

<u>आदेश संख्या 26/2025-26</u>

तृतीय तल, उड़ान भवन,
सफदरजंग हवाईअड्डा,
नई दिल्ली – 110003

जारी करने की तारीख: 13.03.2025

विषय: मौजूदा टैरिफ की वसूली 30.09.2026 तक जारी रखने के लिए अंतरिम व्यवस्था।

ऐरा ने दिनांक 18 सितम्बर, 2025 के आदेश संख्या 16/2025-26 के तहत अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित हवाईअड्डों/हवाईअड्डा प्रचालकों (तालिका-1 के अनुसार) को अंतरिम आधार पर 01.10.2025 से 31.03.2026 तक 6 (छ:) माह की अवधि के लिए या उनकी संबंधित नियंत्रण अवधियों के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, टैरिफ लगाने की अनुमति दी है:

तालिका-1

<table>
<tr><th>क्र. सं.</th><th>हवाईअड्डा प्रचालक का नाम</th><th>हवाईअड्डे का नाम</th><th>अवधि</th></tr>
<tr><td>1.</td><td rowspan="4">भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई)</td><td rowspan="2">देहरादून</td><td rowspan="4">01.10.2025
से
31.12.2026</td></tr>
<tr><td>2.</td></tr>
<tr><td rowspan="2">3.</td><td>रायपुर</td></tr>
<tr><td>त्रिची</td></tr>
</table>

2. प्राधिकरण ने उपर्युक्त हवाईअड्डों के संबंध में नियमित टैरिफ निर्धारित करने संबंधी स्थिति की समीक्षा की और पाया कि:

i. रायपुर हवाईअड्डे के लिए टैरिफ आदेश जारी कर दिया गया है।
ii. त्रिची हवाईअड्डे के लिए परामर्श पत्र जारी कर दिया गया है।
iii. देहरादून हवाईअड्डे के एमवाईटीपी की जांच की जा रही है।

3 प्राधिकरण ने दिनांक 29.08.2025 के आदेश संख्या 08/2025-26 के माध्यम से नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए तदर्थ आदेश जारी किया था। इसी तरह प्राधिकरण ने दिनांक 20.06.2025 के आदेश संख्या 06/2025-26 के माध्यम से, नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे के लिए तदर्थ आदेश जारी किया था। ये आदेश जारी किए गए थे और इन्हें वाणिज्यिक प्रचालन की तारीख (सीओडी) से 31.03.2026 तक, या उनकी संबंधित नियंत्रण अवधियों के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, प्रभावी किए जाएंगे। नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे का परामर्श पत्र जारी कर दिया गया है और नवी मुंबई हवाइ्अड्डे के बहुवर्षीय टैरिफ प्रस्ताव की जांच की जा रही है।

4 इसके अलावा, बेंगलौर, हैदराबाद, कोचीन, अहमदाबाद, लखनऊ, मंगलुरू, चंडीगढ़, चैन्नई, कोलकाता, पुणे, गोवा-डेबोलिम, कालीकट और श्रीनगर हवाईअड्डे की मौजूदा टैरिफ 31.03.2026 को समाप्त हो रही है। इस संबंध में, बेंगलौर, हैदराबाद, कोचीन, अहमदाबाद, लखनऊ, मंगलुरू, पुणे, कालीकट और श्रीनगर हवाईअड्डे के एमवाईटीपी संबंधित हवाईअड्डा प्रचालकों से प्राप्त हो गए हैं और उनकी जांच की जा रही है। अन्य हवाईअड्डों, जैसे चैन्नई, कोलकाता, चंडीगढ़ और गोवा-डेबोलिम के एमवाईटीपी संबंधित हवाईअड्डा प्रचालकों से अभी प्राप्त होने हैं।

5. उपर्युक्त के मद्देनजर, प्राधिकरण ने 31.03.2026 को लागू मौजूदा टैरिफ को 01.04.2026 से 30.09.2026 तक छ: (6) माह की अवधि के लिए या उनकी संबंधित नियंत्रण अवधियों के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, हवाई अड्डों / हवाईअड्डा प्रचालकों के संबंध में नीचे दी गई तालिका 2 में बताए अनुसार बढ़ाने का निर्णय लिया है:

तालिका 2

क्र. सं.	हवाईअड्डा प्रचालक का नाम	हवाईअड्डे का नाम
1	यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड	नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा
2	नवी मुम्बई इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड	नवी मुम्बई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा
3	बैंगलौर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	कैंपेगोड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, बैंगलौर
4	हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, शम्साबाद, हैदराबाद
5	कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा
6	अहमदाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	सरदार वल्लभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, अहमदाबाद
7	लखनऊ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, लखनऊ
8	मंगलौर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	मंगलौर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, मंगलुरू
9	चंडीगढ़ इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड	चंडीगढ अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा
10	भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई)	चैन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, चैन्नई
11		नेताजी सुभाष चन्द्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, कोलकाता
12		पुणे अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, पुणे
13		गोवा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, गोवा
14		कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, कोझीकोड
15		शेख उल अलाम अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, श्रीनगर
16		तिरुचिरापल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा, तिरूचिरापल्ली
17		जॉली ग्रांट हवाईअड्डा, देहरादून

<u>आदेश</u>

रिकॉर्डों में उपलब्ध तात्विक सामग्री पर ध्यानपूर्वक विचार करने के पश्चात, प्राधिकरण, भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 की धारा 13(I)(ए) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा आदेश देता है कि:

(i) **उपर्युक्त तालिका-2 में सूचीबद्ध हवाईअड्डा प्रचालकों** को अंतरिम आधार पर 31.03.2026 को लागू मौजूदा टैरिफ को **01.04.2026 से 30.09.2026 तक 06 (छह) माह** की अवधि के लिए या उनकी संबंधित नियंत्रण अवधि के लिए नियमित टैरिफ निर्धारित किए जाने तक, जो भी पहले हो, लगाने की अनुमति दी जाती है।

(ii) हवाई अड्डा प्रचालक इस आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

प्राधिकरण की ओर से जारीकर्ता

(सुयश नारायण)
सचिव

सेवामें,

अध्यक्ष,
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण,
राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा,
नई दिल्ली-110003

प्रतिलिपि;

1. **सचिव,** नागर विमानन मंत्रालय, राजीव गांधी भवन, सफदरजंग हवाईअड्डा, नई दिल्ली – 110 003
2. **नागर विमानन महानिदेशालय** :एआईसी जारी करने के लिए